गैरसैंण, सोमवार
24 मार्च 2025
वर्षः 16
अंकः 297 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### धर्मनगरी में वीकेंड पर उमड़ी भीड़, व्यापारी खुश

हरिद्वार। बच्चों के पेपर खत्म होने के बाद रविवार को धर्मनगरी में जबरदस्त भीड़ रही। सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हरकी पैड़ी के गंगा घाट पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाते दिखे। गंगा घाटों पर सुबह से शाम तक स्नान करने वालों का सिलसिला जारी रहा। वहीं, भीड़ को देखते ही व्यापारियों के चेहरे खिल गए। रविवार को दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राज्य के अलग–अलग जिलों से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। शनिवार सुबह अधिकांश स्कूलों में बच्चों के पेपर भी समाप्त हो गए है। इसके बाद लोगों ने परिवार के साथ हरिद्वार का रुख किया। मोती बाजार, बड़ा बाजार, अपर रोड बाजार आदि में यात्रियों की भीड़ रही। बाजारों में भी लोगों ने खूब खरीदारी की। रविवार को हरकी पैड़ी गंगा घाट के निकट मालवीय घाट, नाई सोता घाट, सुभाष घाट आदि पर लोगों ने स्नान किया।

### सितारगंज जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की मौत

रुद्रपुर। सेंट्रल जेल में हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की शनिवार देर रात अचानक तबीयत खराब हो गई। उसे सीएचसी सितारगंज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। जेलर अनिल यादव ने बताया कि शनिवार देर रात कैदी 75 वर्षीय सुरजीत सिंह पुत्र हर सिंह निवासी मुकुंदपुर, काशीपुर के सीने में दर्द होने लगा। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सितारगंज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि रात में सुरजीत ने अन्य बंदियों के साथ आईपीएल का क्रिकेट मैच भी देखा। सुरजीत का पुत्र और भांजा भी हत्या में दोषसिद्ध हैं और वे भी सुरजीत के साथ सेंट्रल जेल में सजा काट रहे हैं।

पुत्र ने जेल प्रशासन को बताया कि उसके पिता को पहले भी हार्ट अटैक पड़ चुका था। सुरजीत को बीती आठ मार्च को हल्द्वानी उपकारागार से सितारगंज सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था। उसके विरुद्ध थाना काशीपुर में वर्ष 2010 में हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था। 18 दिसंबर 2024 को जिला एवं सत्र न्यायालय रुद्रपुर ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

### मान्यता के कागज न दिखाने पर 2 मदरसे किए सील

रुड़की। शासन के निर्देश पर तहशील प्रशासन इस समय सभी मदरसों के वैधानिक दस्तावेजों की जांच कर रहा है। लक्सर में तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में जांच टीम बनी है। टीम ने शनिवार को क्षेत्र के कई गांवों में जाकर दस से अधिक मदरसों का निरीक्षण किया। इस दौरान मखियाली कलां और मखियाली खुर्द में संचालित किए जा रहे मदरसों के संचालक टीम को मान्यता से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा पाए। इस पर तहसीलदार ने 24 घंटे में दस्तावेज प्रस्तुत करने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि में मदरसा संचालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं। इसलिए दोनों मदरसे सील कर दिए गए हैं। बताया कि इनकी रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजी जा रही है।

### युवक की मौत

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खुशहालपुर में पिकअप वाहन और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। घायल का सीएचसी सहसपुर में उपचार चल रहा है। शनिवार देर रात सभावाला चौक से आगे पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशाओं से आ रही बाइक और पिकअप वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि टक्कर मारने के बाद पिकअप वाहन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना स्थानीय लोगों न सभावाला चौकी पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों को सीएचसी सहसपुर पहुंचाया। जहां घायल सौरभ कश्यप पुत्र नरेश कश्यप, निवासी खेड़ा मंदिर ढकरानी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि सुरेश पांडे पुत्र सरदार सिंह पांडे, निवासी विकासनगर का अस्पताल में उपचार चल रहा है। सहसपुर थाना प्रभारी शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

# राज्य सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ाया आगे

**• युवाओं के बीच पहुंच मुख्यमंत्री ने लगाए पुश–अप्स। • मुख्यमंत्री का राज्यवासियों से आवाहन : रोजाना आधा घंटा करें व्यायाम, खाएं पौष्टिक आहार और नशे से रहें दूर।**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एथलैक्टिस ग्राउण्ड, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून में राज्य सरकार ( सेवा, सुशासन और विकास ) के 03 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर फिट इण्डिया रन का फ्लैग ऑफ किया।

खिलाड़ियों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री ने पुश–अप्स लगाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं उन्हें फिट रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर, उन्हें फिट इंडिया की शपथ भी दिलवाई। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड युवा कल्याण विभाग के सहयोग से चलाए जा रहे ड्रोन कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं को ड्रोन भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज राज्य सरकार के 3 वर्ष पूरे हुए हैं। यह 3 वर्ष सेवा, सुशासन, विकास और जनहित को समर्पित रहे। उन्होंने युवाओं को देखकर अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि वो भी बचपन में अधिकांश समय शारीरिक, खेल गतिविधियां में बीतते थे। उन्होंने कहा आज जिन भी खिलाड़ियों ने देश का नाम बढ़ाया है, उनकी यात्रा असाधारण परिस्थितियों में शुरू हुई। उन्होंने युवाओं से जीवन में अपने सपनों के प्रति पक्की इच्छाशक्ति और विकल्प रहित संकल्प रखने का आवाहन किया।

मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों खासकर युवाओं से रोजाना आधा घंटा व्यायाम करने, पौष्टिक आहार ग्रहण करने एवं नशे से दूर रहने का आवाहन किया है। उन्होंने कहा सभी युवाओं ने मिलकर उत्तराखंड का अभिमान बढ़ाना है। आम नागरिक की फिटनेस ही उत्तराखंड राज्य की ताकत है। उन्होंने कहा हम सबने मिलकर फिटनेस को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना है। उन्होंने सभी से स्वयं को फीट रखने एवं अपने आसपास के लोगों को भी स्वस्थ रहने के लिये प्रेरित करने का आग्रह किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट, स्वस्थ्य और मजबूत भारत के सपने को साकार करने का रास्ता है। फिट इंडिया, स्वस्थ मन और जीवंत आत्मा का भी आधार है। फिट उत्तराखंड से ही समृद्ध उत्तराखंड बनेगा। जहां हर व्यक्ति उन्नति कर राज्य की प्रगति में योगदान देगा। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों की स्वस्थ्य जीवनशैली के लिए फिट इंडिया मूवमेंट शुरू किया। यह फिट इंडिया मूवमेंट अब जन आंदोलन बना गया है जो हर घर, गांव और शहर तक पहुंचा है। राज्य सरकार भी इस मिशन में कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा सरकार, राज्य में खेल सुविधाओं को बढ़ा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड से ही पूरे देशवासियों को मोटापे, ओबेसिटी, एवं सही खाना पान को लेकर जागरूक किया था। उन्होंने कहा राज्य द्वारा 38 वें राष्ट्रीय खेलों की सफल मेजबानी की गई। जिसकी तारीफ प्रधानमंत्री जी ने मन की बात कार्यक्रम में भी की थी। 38 वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 103 पदक प्राप्त कर पदक तालिका में सातवां स्थान हासिल किया। राज्य सरकार द्वारा राज्य के पदक विजेता खिलाड़ियों को दी जाने वाली पुरस्कार राशि को दुगना एवं राज्य के सभी पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न नियुक्ति के अंतर्गत विभिन्न विभागों में सेवायोजित किए जाने का भी निर्णय लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं विकसित एवं खेल उपकरण भी क्रय किए जा रहे हैं। जो राज्य के खिलाड़ियों को ओलंपिक स्तर तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगे। उत्तराखंड राज्य के बालक–बालिकाओं को फिट रखने एवं खेलों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना जैसी अनेकों योजनाओं शुरू की गई रहैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को खेल किट देने, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रदेशीय टीमों के खिलाड़ियों को रेल/बस किराया दिये जाने, खिलाड़ियों को खेल में चोटिल/दुर्घटना हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने की सुविधा भी दी जा रही है।

इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, निदेशक खेल प्रशांत आर्य, संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल, जिला अधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह, राजेश ममगाई एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरकार संवेदनशील मुद्दों पर विमर्श के लिए बुला सकती है लोकसभा की गुप्त बैठक



नई दिल्ली। संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार नियमों के अनुसार लोकसभा की गुप्त बैठक बुला सकती है, लेकिन इस प्रविधान का अब तक इस्तेमाल नहीं हुआ है। एक संवैधानिक विशेषज्ञ के अनुसार, वर्ष 1962 में चीनी आक्रमण के दौरान कुछ विपक्षी सांसदों ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सदन की गुप्त बैठक बुलाने का प्रस्ताव रखा था। लेकिन, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू इस पर सहमत नहीं हुए थे।

**कैसे बुलाई जाती है ऐसी बैठक?**

उल्लेखनीय है कि 'लोकसभा में प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम' के अध्याय–25 में सदन के नेता के अनुरोध पर गुप्त बैठकें आयोजित करने के लिए सक्षम प्रविधान हैं। नियम–248 के उपखंड एक के अनुसार, सदन के नेता के अनुरोध पर अध्यक्ष सदन की गुप्त बैठक के लिए कोई भी एक दिन तय कर सकते हैं। उपखंड दो में कहा गया है कि जब सदन की गुप्त बैठक चलेगी तो किसी भी अजनबी को कक्ष, लाबी या गैलरी में उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी। लेकिन, कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्हें ऐसी बैठकों के दौरान अनुमति दी जाएगी।

**क्या कहते हैं नियम?**

इसी अध्याय में एक अन्य नियम के अनुसार, अध्यक्ष यह निर्देश दे सकते हैं कि गुप्त बैठक की कार्यवाही की रिपोर्ट उसी तरीके से जारी की जाए जैसा अध्यक्ष उचित समझें। लेकिन कोई भी अन्य उपस्थित व्यक्ति गुप्त बैठक की किसी भी कार्यवाही या निर्णय का नोट या रिकार्ड नहीं रखेगा, चाहे वह आंशिक हो या पूर्ण, या ऐसी कार्यवाही की कोई रिपोर्ट जारी नहीं करेगा या उसका वर्णन करने का दावा नहीं करेगा।

जब यह माना जाता है कि किसी गुप्त बैठक की कार्यवाही के संबंध में गोपनीयता बनाए रखने की आवश्यकता समाप्त हो गई है और अब यह अध्यक्ष की सहमति के अधीन है तो सदन का नेता या कोई अधिकृत सदस्य यह प्रस्ताव पेश कर सकता है कि ऐसी बैठक के दौरान की कार्यवाही को अब गुप्त नहीं माना जाए। यदि प्रस्ताव पारित हो जाता है तो लोकसभा महासचिव गुप्त बैठक की कार्यवाही की एक रिपोर्ट तैयार करेंगे और इसे जल्द से जल्द प्रकाशित करेंगे।

**निर्णयों का नहीं कर सकते खुलासा**

हालांकि, नियमों में चेतावनी दी गई है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी तरीके से गुप्त कार्यवाही या बैठक की कार्यवाही या निर्णयों का खुलासा करना सदन के विशेषाधिकार का घोर उल्लंघन माना जाएगा।

संविधान विशेषज्ञ एवं पूर्व लोकसभा महासचिव पीडीटी अचारी ने कहा कि सदन की गुप्त बैठक आयोजित करने का अब तक कोई अवसर नहीं आया है।

उन्होंने पुराने लोगों के साथ अपनी बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 1962 में चीन–भारत युद्ध के दौरान कुछ विपक्षी सदस्यों ने संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा करने के लिए गुप्त बैठक का प्रस्ताव रखा था। लेकिन, नेहरू इससे सहमत नहीं हुए और कहा कि जनता को यह बात पता होनी चाहिए।

### बिजली संकट पर पावर एजेंसियो की जिम्मेदारी तय

देहरादून। गर्मियों में बिजली संकट से निपटने को यूपीसीएल और पिटकुल के अफसरों की जिम्मेदारी तय करते हुए संयुक्त समिति का गठन किया गया है। इस समिति में उच्च स्तर पर समन्वय को निदेशक और जमीनी स्तर पर मुख्य अभियंता स्तर के अफसरों को शामिल किया गया है।

ये समिति बिजली सप्लाई सामान्य बनाए जाने को लेकर जरूरी कदम उठाएगी।अप्रैल से लेकर जून महीने के बीच बिजली सप्लाई का जबरदस्त दबाव रहता है। इस दौरान बिजली की मांग अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाती है। बिजली की बढ़ती मांग के कारण ट्रांसफार्मर, सब स्टेशन ओवरलोड होने से बिजली सप्लाई कट करनी पड़ती है। पिछले साल गर्मियों में न सिर्फ यूपीसीएल के सब स्टेशन, ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो गए थे, बल्कि पिटकुल के बड़े सब स्टेशन भी ओवरलोड हो गए थे। इसके कारण पॉवर कट का बड़ा संकट खड़ा हुआ।

इस बार गर्मियों में ऐसी दिक्कत न हो, इसके लिए पिटकुल और यूपीसीएल के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को दोनों एजेंसियों की संयुक्त समिति गठित की गई है।

# परिसीमन पर सीएम स्टालिन ने बुलाई बैठक



नई दिल्ली। परिसीमन तथा भाषा विवाद पर गरमाई सियासत के बीच मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस राष्ट्रीय राजनीति की अपनी जरूरतों के हिसाब से इन दोनों मुद्दों पर संतुलन बनाए रखने की रणनीति पर चलती दिखाई दे रही है। वहीं आम आदमी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति तथा बीजू जनता दल जैसी पार्टियां भी अपनी चुनौतियों के मद्देनजर सियासी संतुलन बनाए रखने का विकल्प अभी नहीं छोड़ रही हैं। द्रमुक प्रमुख तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की चेन्नई में शनिवार को परिसीमन पर बुलाई गई बैठक में इन तीनों पार्टियों के नेताओं की मौजूदगी में इसकी झलक साफ दिखाई पड़ी।

**क्षेत्रीय नेताओं को आगे रख रही कांग्रेस**

परिसीमन तथा भाषा दोनों मसलों पर कांग्रेस फिलहाल अपने क्षेत्रीय नेताओं को ही आगे रखने की सतर्कता बरत रही है। जबकि कांग्रेस से असहज रिश्ते होने के बावजूद बीआरएस और आप उसके साथ विपक्षी राजनीति का मंच साझा करने से गुरेज नहीं कर रहे हैं।

परिसीमन पर दक्षिणी राज्यों को एकजुट करने के अपने एक प्रमुख सहयोगी दल द्रमुक का साथ देने के बावजूद राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस इस मसले पर संतुलन की राह पर चल रही है। पार्टी ने जहां दक्षिणी राज्यों की चिंताओं से इत्तेफाक रखते हुए भविष्य में प्रस्तावित परिसीमन में इसका ख्याल रखे जाने की पूरी पैरोकारी की है। वहीं, उत्तरी राज्यों के बारे में ऐसी कोई टिका–टिप्पणी नहीं की है जैसी द्रमुक या बीआरएस ने की है। कांग्रेस ने परिसीमन से पहले जनगणना कराए जाने की मांग कर इस विवाद को फिलहाल विराम देने में ज्यादा रूचि दिखाई है।

# असम में कक्षा 11वीं की परीक्षाएं रद

**• पेपर लीक की खबर के बाद बोर्ड ने लिए लिया फैसला**



नई दिल्ली। पूर्वोत्तर राज्य असम में राज्य बोर्ड की कक्षा 11वीं की 24 मार्च से 29 मार्च तक होने वाली सभी परीक्षाओं को रद कर दिया गया है। इस बात की जानकारी शिक्षा मंत्री रनोज पेगू ने दी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि राज्य के कई स्थानों से परीक्षा पेपर लीक होने की खबरें सामने आई हैं।

इन खबरों का संज्ञान लेते हुए कक्षा 11वीं की 24 मार्च से 29 मार्च तक होने वाली सभी परीक्षाओं को रद करने का फैसला लिया गया है। आने वाले दिनों में अधिकारी नई तारीखों का एलान करेंगे।

**शिक्षा मंत्री ने दी जानकारी**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शिक्षा मंत्री रनोज पेगू ने कहा कि गणित का पेपर लीक हो गया क्योंकि राज्य भर में तीन सरकारी संस्थानों सहित 18 स्कूलों ने निर्धारित परीक्षा से एक दिन पहले सुरक्षा सील तोड़ दी। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा कि प्रश्नपत्र लीक होने और प्रोटोकॉल के उल्लंघन की खबरों के कारण, एचएस प्रथम वर्ष की परीक्षा 2025 (24–29 मार्च से निर्धारित) के शेष विषयों को रद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसी तरह से नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन अन्य स्कूलों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगी।

**21 मार्च को गणित का पेपर हुआ लीक**

जानकारी दें कि इससे पहले असम राज्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एएसएसईबी) का 21 मार्च को होने वाला उच्चतर माध्यमिक प्रथम वर्ष का गणित का पेपर भी लीक हो गया था।

इस पेपर लीक के बाद अधिकारियों ने सभी परीक्षाओं रद करने का फैसला लिया था। अब कक्षा 11वीं की 24 मार्च से होने वाली सभी परीक्षाओं को रद कर दिया गया।

बता दें कि कक्षा 11वीं की सभी विषयों की परीक्षाएं छह मार्च से शुरू हुईं और 29 मार्च तक होने वाली थीं।

### बड़मा कृषि पर्यटन एवं सांस्कृतिक मेले की तैयारियां शुरू

रुद्रप्रयाग। आगामी 26 मार्च से जखोली ब्लाक के दिगधार में शुरू होने वाले बडमा कृषि पर्यटन एवं सांस्कृतिक मेले को लेकर मेला समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है। बड़मा महोत्सव को भव्य बनाने के लिए पांडाल एवं स्टाल बनाने का कार्य किया जा रहा है। मेले में जहां स्थानीय स्कूली बच्चे एवं महिला मंगल दल सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे, वहीं मेले में चर्खी, झूले, दुकानें भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। मेला समिति के अध्यक्ष विशम्बर रावत एवं सह सचिव कालीचरण रावत ने बताया कि आगामी 26 मार्च से मेले रंगारंग आगाज शुरू हो जाएगा। जिसका समापन 28 मार्च को होगा। तीन दिवसीय बड़मा महोत्सव का आयोजन को लेकर मेला समिति तैयारियों में जुटी है। मेला स्थल पर पांडाल बनाने के साथ ही मंच एवं स्टालों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मेले के लिए निमंत्रण पत्र के साथ प्रचार प्रसार भी जोरों पर चल रहा है। ताकि अधिक से अधिक मेलार्थी मेले में पहुंच सके। मेले में क्षेत्र की महिला मंगल दल एवं स्कूली बच्चे अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। मेले में मेलार्थियों के लिए चर्खी, झूले, दुकानें भी लगाई जाएंगी।

## जज के घर आग में जले नोट मामला

# दिल्ली हाईकोर्ट की रिपोर्ट और वीडियो ने डीएफएस के दावे पर उठाया सवाल



नई दिल्ली। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने दावा किया था कि न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर आग बुझाते समय अग्निशमन कर्मियों को कोई नकदी नहीं मिली। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट की जांच रिपोर्ट और सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए वीडियो ने डीएफएस के इस दावे पर संदेह पैदा कर दिया है।

पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय के साथ साझा किए गए इस वीडियो को शनिवार रात को 25 पन्नों की रिपोर्ट के हिस्से के रूप में सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अग्निशमन कर्मी उन वस्तुओं पर लगी आग बुझाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिनमें संभवतः आधे जले हुए भारतीय नोट भी शामिल हैं।

डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने 21 मार्च को पीटीआई को बताया था कि 14 मार्च को आग लगने की घटना के दौरान अग्निशमन कर्मियों को न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से कोई नकदी नहीं मिली थी। उन्होंने 21 मार्च को पीटीआई और दो इलेक्ट्रॉनिक समाचार चैनलों को बताया था, "आग बुझाने के तुरंत बाद, हमने पुलिस को आग की घटना के बारे में सूचित किया। इसके बाद अग्निशमन विभाग के कर्मियों की एक टीम मौके से चली गई। हमारे अग्निशमन कर्मियों को आग बुझाने के अभियान के दौरान कोई नकदी नहीं मिली।"

# संघ बोला-आक्रमणकारी मानसिकता वाले लोग देश के लिए खतरा




नई दिल्ली। देश में औरंगजेब को लेकर छिड़ी बहस और नागपुर में हुई हिंसा के बाद मचे बवाल के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब बीआर आंबेडकर द्वारा लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या में राम मंदिर संघ की उपलब्धि नहीं है, बल्कि समाज की उपलब्धि है। वहीं उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने राणा सांगा पर दिए राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के विवादित बयान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा नेता औरंगजेब पर चर्चा करने के लिए इतिहास को पलट सकते हैं, तो रामजीलाल ने भी इतिहास के एक पन्ने का जिक्र किया है। दरअसल सांसद ने 21 मार्च को राज्यसभा में बोलते हुए राणा सांगा को 'देशद्रोही' करार दिया था। कहा था कि हिंदू उनके वंशज हैं। एक तरफ जहां पंजाब के जालंधर के गांव ताजपुर स्थित द चर्च ऑफ ग्लोरी एंड विस्डम के पास्टर प्रोफिट बजिंदर सिंह पर एक महिला ने कथित मारपीट का आरोप है।

### पाकिस्तान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे बलूचों पर गोलीबारी, तीन की मौत

बलूचिस्तान। बलूच मानवाधिकार नेता महरंग बलूच ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने क्वेटा में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की।

बलूच यकजेहती समिति के अनुसार गोलीबारी में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

क्वेटा पुलिस ने महरंग बलूच को शनिवार सुबह धरनास्थल से गिरफ्तार कर लिया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार रक्षकों की विशेष दूत मैरी लालर ने महरंग बलूच की गिरफ्तारी और क्वेटा में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर हिंसक कार्रवाई की कड़ी निंदा की है।

# 'दुर्घटना रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी', सड़क हादसों पर किरेन रिजिजू ने जताई चिंता



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को सड़क सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह हर नागरिक के लिए यह एक गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है, क्योंकि भारत में दुनिया भर में सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि जब हम सड़क पर होते हैं, तो हमें कई नियमों का पालन करना चाहिए ताकि दुर्घटनाएं रोकी जा सकें। रिजिजू ने सड़क दुर्घटनाओं को एक बड़ी चिंता का विषय बताते हुए कहा कि हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। बता दें कि रविवार को नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित एक कार रैली 2025 में भाग लेने के दौरान किरेन रिजिजू ने सड़क सुरक्षा पर बातचीत की। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर उन्हें कई केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों का समर्थन प्राप्त है। साथ ही उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए एक ठोस और समग्र रणनीति अपनाने की आवश्यकता को लेकर सभी से सहयोग की अपील की।

**भारत में 480000 सड़क दुर्घटनाएं— गडकरी**

हालांकि इससे पहले केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं के आकड़े की बात की। उन्होंने जानकारी दी कि भारत में लगभग 480,000 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें से 180,000 मौतें और 400,000 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गडकरी ने यह भी बताया कि इनमें से 140,000 मौतें 18 से 45 वर्ष के लोगों की हुईं, जिनमें खासकर दोपहिया वाहन सवार और पैदल यात्री सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं।

**सड़क दुर्घटनाओं से निपटने के लिए केंद्र का लक्ष्य**

साथ ही गडकरी ने यह भी कहा कि इन दुर्घटनाओं से देश को 3 प्रतिशत जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने यह बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ने के कारणों में इंजीनियरों की जिम्मेदारी भी है, खासकर सड़क अवसंरचना की अपर्याप्त योजना और घटिया डिजाइन को लेकर। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के मामले में सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं की दर को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा है।

# सम्पादकीय

## तीन साल का सफल कार्यकाल

उत्तराखंड में भाजपा सरकार का नेतृत्व के तौर पर जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यभार संभाला था तो उसे समय उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को सोप जाने के बाद कई सवाल भी उठे थे लेकिन जिस तरह का भरोसा केंद्र ने एक युवा विधायक पर दिखाए उसे पर खरे उतरते हुए सीएम धामी ने उत्तराखंड को एक नई दिशा दिखाई। अपने 3 साल के कार्यकाल में उन्होंने ऐसे कई अहम फैसले भी लिए जो पूरे देश भर में चर्चा का विषय बने इनमें समान नागरिक संहिता को लेकरउत्तराखंड देश का पहला राज्य बना, जिसने इसे लागू किया। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया। लैंड जिहाद पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रदेश की सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए गए। चारधाम यात्रा का विस्तार करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में बड़े विकास कार्य किए गए। दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेसवे, पर्वतमाला रोपवे परियोजना जैसी योजनाओं से प्रदेश की कनेक्टिविटी मजबूत हुई। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के आयोजन से उत्तराखंड में रिकॉर्ड निवेश आया, जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिला। धामी सरकार के कार्यकाल को दिखा जाए तो कहीं ना कहीं यह भी स्पष्ट होता है कि यह तीन साल जनता की सेवा में समर्पित रहे। प्रदेश के विकास, युवाओं के भविष्य, महिलाओं के सशक्तिकरण और किसानों की समृद्धि के लिए नीतिगत फैसले लिए गए। उत्तराखंड को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के राज्य सरकार को केंद्र से भी भरपूर सहयोग मिलने आया है जिसमें कहीं ना कहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की भी सराहना करनी होगी। यह भी एक सत्य है कि कोई भी सरकार पूर्ण तरह से अपने नागरिकों को संतुष्ट नहीं कर सकती लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि राज्य सरकार द्वारा लिए जाने वाले फसलों का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे। अगले दो वर्षों में राज्य में नए रोजगार के अवसर सृजित करने, पर्यटन को और अधिक समृद्ध बनाने, महिलाओं और युवाओं के लिए विशेष योजनाएं लागू करने और आधारभूत संरचना को और अधिक सुदृढ़ करने की जरूरत है।

## नई चोट, नए जख्म

इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा। स्पष्टतः यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। इससे भारत का आर्थिक दुश्चक्रऔर संगीन हो रहा है। अमेरिका के टैरिफ वॉर से पहले से ही कमजोर भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर नए जख्म लग रहे हैं। इसकी एक मिसाल औषधि उद्योग है, जहां अनेक दवा कारखानों के बंद होने का अंदेशा गहरा गया है। स्र्बिक्स डेटा एजेंसी के आकलन के मुताबिक अमेरिका में ऊंची शुल्क दर से यहां उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाइयां मुकाबले में पिछड़ने लगेंगी। इसकी सबसे तीखी मार जेनेरिक फॉर्मूलेशन, एक्टिव फॉर्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंटेस, और कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च, डेवपमेंट एंड मैनुफैक्चरिंग संगठन पर पड़ने की आशंका है। इस बीच टैरिफ वॉर से शेयर बाजार में उथल–पुथल बढ़ी है। वैसे ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय बाजारों से पैसा निकाल रहे थे, लेकिन ट्रंप काल में ये रफ्तार और तेज हो गई है।

**कोरोना के बाद शेयर बाजारों में उछाल**

सितंबर के बाद से ये निवेशक 27 बिलियन डॉलर से अधिक रकम निकाल चुके हैं। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक 2008 की वैश्विक मंदी के बाद से भारतीय बाजार में यह एफआईआई की सबसे बड़ी बिकवाली है। इसका सीधा असर मध्य वर्गीय परिवारों में महसूस किया जा रहा है। कोरोना काल के बाद शेयर बाजारों में आई उछाल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय संपत्तियों में निवेश के लिए प्रेरित किया।

# चुनाव से पहले एजेंडे की तलाश में पार्टियां

**अजीत द्विवेदी**

इस साल के अंत में बिहार विधानसभा का चुनाव होना है और अगले साल मई में पांच राज्यों, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में चुनाव होगा। इन छह राज्यों के चुनावों की तैयारियां अभी से हो रही हैं। सभी पार्टियों ने कमर कस ली है और अभी से एजेंडा तय हो रहा है। बिहार चुनाव सात महीने बाद हैं लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में डेरा डालने की बात कह कर चुनाव की तैयारियों का आभास करा दिया है। इन छह राज्यों के चुनाव से पहले एक बड़ा सवाल यह है कि क्या कहीं भी राज्य सरकारों के कामकाज के आधार पर चुनाव होगा या विपक्षी पार्टियां विकास का मुद्दा उठा कर, राज्य सरकार की विफलता गिना कर, उसे कठघरे में खड़ा करके चुनाव लड़ेंगी? ये सवाल इसलिए है क्योंकि सभी छह राज्यों में चुनाव की जो तैयारी चल रही है या जो एजेंडे तय किए जा रहे हैं वे सामान्य राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं। उसमें विकास का मुद्दा नदारद है, सरकारों के कामकाज या उसकी सफलता–विफलता का मुद्दा गायब है और भावनात्मक मुद्दे हावी हैं।

सबसे पहले बिहार की बात करें तो

सबसे पहले बिहार की बात करें तो वहां पिछले 20 साल से जनता दल यू के नेतृत्व वाली सरकार है। नीतीश कुमार ने खुद करीब 19 साल तक सरकार का नेतृत्व किया है और नौ महीने के लिए उनके प्रॉक्सी के तौर पर उनकी पार्टी के जीतन राम मांझी मुख्यमंत्री रहे थे।

इन 20 वर्षों में करीब साढ़े तीन साल राष्ट्रीय जनता दल के साथ उन्होंने सरकार चलाई और करीब दो साल अकेले चलाई। बाकी साढ़े 14 साल भाजपा के साथ उनकी सरकार चली है। लेकिन चुनाव में उनकी 20 साल की उपलब्धियों का कहीं जिक्र नहीं है।

एनडीए में शामिल सभी घटक दल चाहे वह जनता दल यू हो या भाजपा या बाकी छोटी पार्टियां हों सब इस आधार पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं कि बिहार के लोगों को लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के कथित जंगल राज की याद दिलानी है, लोगों को जंगल राज का भय दिखाना है, उनको डराना है और लालू प्रसाद के परिवार को सत्ता में आने से रोकने के नाम पर वोट का ध्रुवीकरण कराना है। अगर कोई कसर रहती है तो भाजपा के नेता सांप्रदायिक भाषणों से उसे पूरा करेंगे। भाजपा के एक विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने इस बार होली के दिन मुसलमानों को घर में ही बंद रहने की सलाह देकर संकेत दे दिया है कि आगे किस तरह की राजनीति होने वाली है।

**नीतीश सरकार के कामकाज पर सवाल**

दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जरूर नीतीश सरकार के कामकाज पर सवाल उठा रहे हैं लेकिन वह औपचारिकता भर है। उनका भी फोकस जाति का ध्रुवीकरण कराने पर है।

वे मुस्लिम, यादव के अपने पिता के बनाए माई समीकरण में मुकेश सहनी के सहारे मल्लाह और कांग्रेस के सहारे कुछ दलित व सवर्ण वोट जोड़ने की कोशिश में हैं।उनका मुख्य चुनावी एजेंडा नीतीश कुमार की मानसिक सेहत और आरक्षण की सीमा बढ़ाने पर लगाई गई अदालती रोक है। वे एनडीए को आरक्षण चोर बता कर चुनावी लड़ाई की तैयारी में हैं।

अगले साल जिन राज्यों में विधानसभा चुनावों हैं उनमें तमिलनाडु ने



चुनाव तैयारियों और एजेंडा तय करने की सबसे पहले शुरुआत की है। एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके लग नहीं रहा है कि सरकार के पांच साल के कामकाज पर चुनाव लड़ेगी।

स्टालिन ने परिसीमन का हौव्वा खड़ा किया है, जबकि अभी यह तय नहीं है कि कब परिसीमन होगा क्योंकि उससे पहले जनगणना होनी है और हो सकता है कि परिसीमन से पहले ही राज्य में विधानसभा चुनाव हो जाए। लेकिन वे अभी से राज्य के लोगों को डरा रहे हैं कि परिसीमन से लोकसभा की आठ सीटें कम हो जाएंगी और दिल्ली में तमिलनाडु के साथ साथ सभी दक्षिणी राज्यों की आवाज दबा दी जाएगी। इस पर वे खूब राजनीति कर रहे हैं।

इसी तरह नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉर्मूले के आधार पर हिंदी थोपने का भी मुद्दा उन्होंने चर्चा में ला दिया है। ये सभी भावनात्मक मुद्दे हैं। इनका बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने के लिए स्टालिन ने 22 मार्च को सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पूर्व मुख्यमंत्रियों की एक बैठक चेन्नई में बुलाई है। मजबूरी में मुख्य विपक्षी अन्ना डीएमके भी इन मुद्दों पर सरकार का साथ दे रही है। दूसरी ओर भाजपा सनातन धर्म पर दिए उदयनिधि स्टालिन के बयान को चुनावी मुद्दा बना रही है।

**राजनीति का अभी तक का सबसे निचला स्तर**

पश्चिम बंगाल में पिछले 14 साल से सरकार चला रही ममता बनर्जी मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग पर आरोप लगा कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। उनके पास एक बना बनाया स्थायी मुद्दा बांग्ला अस्मिता का है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बरक्स अपना चेहरा दिखा कर वे अस्मिता की राजनीति कर ले जाती हैं। संयोग भी ऐसा है कि भाजपा तमाम कोशिशों के बावजूद राज्य में अपना कोई नेता नहीं खड़ा कर पाई है।

उसके पास ले देकर ममता की पार्टी से आए सुवेंदु अधिकारी हैं, जिनके लिए इस बार के चुनाव का मुख्य मुद्दा यह है कि अगर भाजपा चुनाव जीती तो सभी मुस्लिम विधायकों को विधानसभा से निकाल कर बाहर फेंक देंगे। यह हिंदू मुस्लिम राजनीति का अभी तक का सबसे निचला स्तर माना जा सकता है। हालांकि ऐसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का मुद्दा कितना काम आएगा यह नहीं कहा जा सकता है। आखिर पिछले तीन चुनावों से भाजपा ऐसे ही मुद्दों पर लड़ रही है। लेकिन कामयाबी नहीं मिली है। असम में नौ साल से भाजपा का राज है और अगले साल चुनाव में उसे अपने दो कार्यकाल के कामकाज का हिसाब देना है। साथ ही केंद्र की सरकार के 12 साल का भी हिसाब देना है। सोचें, राज्य में पिछले 10 साल से डबल इंजन की सरकार चल रही है लेकिन मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मियां मौलवी का मुद्दा उठा कर चुनाव लड़ेंगे। वे मदरसे बंद कराने या मुस्लिमों में प्रचलित बहुविवाह रोकने, समान नागरिक कानून बनाने, नागरिक रजिस्टर जैसे मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। अपनी सरकार के कामकाज का हिसाब देने की बजाय उनके लिए बड़ा मुद्दा यह है कि जोरहाट से कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई की पत्नी ब्रिटिश हैं और पाकिस्तान के एक व्यक्ति के साथ काम कर चुकी हैं।

इस आधार पर वे गौरव गोगोई की पत्नी को पाकिस्तान का एजेंट बता रहे हैं। कांग्रेस के पास डबल इंजन सरकार के कामकाज का बड़ा मुद्दा है लेकिन वह भी हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार की ओर से उठाए जा रहे मुद्दों के बरक्स ऐसे ही मुद्दों की तलाश कर रही है।

> **बिहार चुनाव सात महीने बाद हैं लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में डेरा डालने की बात कह कर चुनाव की तैयारियों का आभास करा दिया है। इन छह राज्यों के चुनाव से पहले एक बड़ा सवाल यह है कि क्या कहीं भी राज्य सरकारों के कामकाज के आधार पर चुनाव होगा या विपक्षी पार्टियां विकास का मुद्दा उठा कर, राज्य सरकार की विफलता गिना कर, उसे कठघरे में खड़ा करके चुनाव लड़ेंगी? ये सवाल इसलिए है क्योंकि सभी छह राज्यों में चुनाव की जो तैयारी चल रही है या जो एजेंडे तय किए जा रहे हैं वे सामान्य राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं। उसमें विकास का मुद्दा नदारद है, सरकारों के कामकाज या उसकी सफलता–विफलता का मुद्दा गायब है और भावनात्मक मुद्दे हावी हैं।**

# पिता की सेवा–शुश्रुषा सदैव करनी चाहिए

**अशोक प्रवृद्ध**

श्राद्ध कर्म में विशेष कर पितृ शब्द से विद्यादाता का ग्रहण होता है। अपने उत्पादक पिता की सेवा–शुश्रूषा तो सबको सदैव करनी ही चाहिए। ऐसा नहीं करने वाला कृतघ्न होता है। ज्ञान व विद्या देने वाले ज्ञानी पिता का भी भोजनादि से प्रतिदिन सत्कार करना ही श्राद्ध है। अपने जनक और अन्य यज्ञोपवीत कराने वाले आदि की सेवा को सामान्य प्रकार से तर्पण कहते हैं। श्राद्ध कर्म में पूजने योग्य दो ही हैं– पितृ और देव। भारतीय परंपरा में मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण माने गए पंच महायज्ञों में ब्रह्मयज्ञ (स्वाध्याय), पितृयज्ञ (तर्पण), देवयज्ञ (होम/हवन), बलि वैश्वदेव (भूतयज्ञ)और नृयज्ञ (अतिथि पूजन) में दूसरे स्थान पर पितृयज्ञ शामिल है। पितृयज्ञ तर्पण का ही अवान्तर भेद श्राद्ध है। भूख–प्यास आदि से होने वाले दुःख की निवृत्तिरूप तृप्ति अथवा प्रसन्नता, मन में पूरा सन्तोष अथवा आनन्दरूप को तर्पण कहा जाता है। और जिस कर्म विशेष के द्वारा अन्न से तृप्त हुए जन क्षुधा से होने वाले दुःख से निवृत्त होते हैं, श्रद्धा कहा जाता है। श्रद्धापूर्वक दिये जाने वाले अन्न का नाम श्राद्ध है। श्रद्धापूर्वक बनाये अन्न का खाने वाला श्राद्धभोजी होता है। इसलिए पाणिनी सूत्र में श्राद्धमनेन भुक्तमिनिठनौ कहा गया है। जिसने श्राद्ध का भोजन किया हो, वह श्राद्धी अथवा श्राद्धिक कहा जाता है। यहां भक्ति श्रद्धा से पकाये हुए अन्न का नाम श्राद्ध है। इससे यह सिद्ध है कि भोजन से होने वाले सत्काररूप कर्म का नाम श्राद्ध है। इससे यह भी सिद्ध हुआ कि भोजन से होने वाले सत्कार कर्म और उस सत्कार के लिए श्रद्धा से बनाए अन्न का नाम श्राद्ध है। श्रद्धा से दिए जाने वाले इस पितृ संबंधी दानकर्म को श्राद्ध कहते हैं। सामान्यतः पिता शब्द से उत्पादक का अर्थ लिया जाता है, परंतु भारतीय परंपरा में उत्पादक के साथ ही यज्ञोपवीत कराने वाला, विद्यादाता, अन्नदाता और भय से बचाने वाला, ये पांच पिता माने गये हैं। इस प्रकार पितृ शब्द योगरूढ़ है और अपने उत्पादक पिता में रूढ़ि भी है। अन्य लौकिक व्यवहार में पिता शब्द से प्रकरणानुसार जनक, यज्ञोपवीत कराने, अन्न देने अथवा भय से बचाने वाले का ग्रहण होता है। परंतु श्राद्ध कर्म में विशेष कर पितृ शब्द से विद्यादाता का ग्रहण होता है। अपने उत्पादक पिता की सेवा–शुश्रूषा तो सबको सदैव करनी ही चाहिए। ऐसा नहीं करने वाला कृतघ्न होता है। ज्ञान व विद्या देने वाले ज्ञानी पिता का भी भोजनादि से प्रतिदिन सत्कार करना ही श्राद्ध है। अपने जनक और अन्य यज्ञोपवीत कराने वाले आदि की सेवा को सामान्य प्रकार से तर्पण कहते हैं। श्राद्ध कर्म में पूजने योग्य दो ही हैं– पितृ और देव। वाणी के कर्म में प्रवीण, पढ़ाने व उपदेश करने में सदा प्रवृत अर्थात पढ़ाने और उपदेशादि वाणी के कर्म द्वारा विद्या का प्रचार करके जगत का उपकार करने के लिए प्रतिक्षण प्रवृत्त होने वाले देवता कहाते हैं। मनुस्मृति के अनुसार मानसकर्म ज्ञान में सदा रमण करने, अपने मन ही मन में शुद्ध आनन्द की लहरियों का अनुभव करने, सदा अच्छे–बुरे का विवेक करने, बहुत कम नियम से बोलने अथवा वाणी को वश में करके मौन रहने, विषय पर सम्यक अनुभव कर उसके प्रचार से जगत का उपकार करने, उस विषय को पुस्तकादि द्वारा सरल कर प्रचलित करने वाले पितर हैं। वेदविद्या का दान देने से आचार्य, गुरु को पिता कहते हैं। अज्ञानी को बालक और ज्ञानी को पिता कहते हैं।

शतपथ ब्राह्मण के अनुसार जिनमें वाणी के कठोर, मिथ्याभाषण, चुगली और असम्बद्ध बोलना रूप चार दोष न हों, और सत्य भाषण, हितकारी वाक्य संभाषण, प्रियवाणी बोलना और वेदादिशास्त्र पढ़ने आदि चार प्रसंगों में वाणी का व्यय करना, किन्तु क्रोधादि पूर्वक नहीं बोलना आदि गुण मौजूद हों, वे देव हैं। और मानस विचार में तत्पर रहने वाले अर्थात मन के तीन दोष –परद्रव्यापहरण (अन्य के वस्तु को लेने की तृष्णा), दूसरों के प्रति अनिष्ट विचार और असम्भव विचार संबंधी दोष जिनमें न हों तथा मानस तीन गुण– सब प्राणियों पर दया, निरपेक्ष व सन्तोष और शुभकर्मों अथवा परमात्मा की उपासनादि में श्रद्धाभक्ति जिनमें विशेष कर हों वे पितर कहाते हैं।

स्पष्ट है कि वाचिक पापों से रहित और वाचिक पुण्य करने में विशेष कर प्रवृत्त देव, तथा मानस पापों से रहित, मानस पुण्य करने में अधिक कर प्रवृत्त पितृ कहाते हैं। जिनकी वाणी सब प्रकार शुद्ध है, वे देव और जिनका मन सब प्रकार शुद्ध है, वे पितृ लोग कहाते हैं। मानस विचार की रक्षा वाणी से होती है, इसी कारण पितृ कार्य का रक्षक देवकार्य को माना है। तथा देव को ऋषि और पितृ को मुनि। जहां देव, ऋषि, पितृ, सब आते हैं, वहां ऋषि पद वाच्य ब्रह्मचर्याश्रमस्थ वेदाध्येता तपस्वी अन्तेवासी शिष्य लिए जाएंगे। मनुस्मृति के अनुसार सत्त्वगुण की प्रधानता होने से बुद्धिवर्द्धक तथा खाने योग्य कव्यपदार्थ ही प्रयत्न के साथ ज्ञानियों को खिलाना चाहिए। और होमने योग्य वस्तु चारों प्रकार के विद्वानों को खिलाना चाहिए। इसी कारण उपनिषदों में भी आत्मज्ञानी की पूजा करने का निर्देश दिया गया है। इससे ज्ञानी लोगों का ही सत्कार करने की बात सिद्ध होती है। सत्य–असत्य का विवेक करने वाले ज्ञानी जनों की सम्यक श्रद्धा, भक्ति से सेवा करने वाले सेवकों पर वे प्रसन्न होकर कल्याण करने के लिए मन लगाते हैं। और श्रेष्ठमार्ग का उपदेश करते अथवा संकेतमात्र से जता देते हैं कि यह काम ऐसे करना चाहिए और यह न करना चाहिए। इसी कारण ज्ञाननिष्ठ पितृजनों के सेवक भी कल्याणभागी होते हैं। इसी से ज्ञानयुक्त पितृजनों की अन्नादि दान से श्रद्धापूर्वक सेवा–शुश्रूषा करनी चाहिए। सब सत्कारों में भोजनार्थ अन्न से सत्कार करना ही सबमें मुख्य है। वैदिक मतानुसार प्राणियों का प्राण अन्न के ही आश्रय है। और भोजन से ही इस शरीर की उत्पत्ति, स्थिति और नाश हो सकता है। सात्त्विक– सत्त्वगुण का बढ़ाने वाला आहार मिलने पर शरीर निरोग और सत्त्वगुण वाली प्रबल बुद्धि होती है, इसी से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की सिद्धि है। वस्त्र और भूषण आदि सुख के साधनों के न मिलने पर भी केवल अन्न और जल के आश्रय से शरीर ठहर सकता है, परंतु अन्न–जल न मिलने पर अत्यंत समृद्ध धनी होने अथवा सब पृथ्वी का राज्य मिल जाने पर भी शरीर की स्थिति नहीं रह सकती।

# सनी सिंह की नई फिल्म अमर प्रेम की प्रेम कहानी का हुआ ऐलान, पहला पोस्टर जारी

सनी सिंह को आखिरी बार फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई।इस फिल्म में वरुण शर्मा, जस्सी गिल और मनजोत सिंह जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह फिल्म 10 जुलाई, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।अब सनी ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम अमर प्रेम की प्रेम कहानी है।इस फिल्म में सनी के साथ अभिनेता आदित्य सील भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अमर प्रेम की प्रेम कहानी का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें सनी और आदित्य की झलक दिख रही है। पोस्टर में न केवल आदित्य सील और सनी सिंह के बीच की केमिस्ट्री दिखाई गई है, बल्कि यह भावनात्मक रूप से चार्ज की गई कहानी के लिए टोन भी सेट करता है। कैप्शन में लिखा है, जोड़ी इनकी है निराली, अमर और प्रेम अपनी कहानी लेकर आ गए हैं प्तअमरप्रेमकीप्रेमकहानी 4 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग होगी, केवल जियो सिनेमा प्रीमियम पर।



## ऋषभ पंत के सामने होगी

दिल्ली,नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के चौथे मैच में अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स ऋषभ पंत की लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी। यह मुकाबला सोमवार को विशाखापत्तनम के डॉ वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। पंत पिछले सीजन तक दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे। हालांकि, उन्होंने उन्हें रिटेन नहीं किया था। ऐसे में मेगा ऑक्शन में लखनऊ ने पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा। पंत लीग के इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बन गए। दूसरी ओर केएल राहुल अब दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं। हालांकि, वह अक्षर की कप्तानी में खेलते नजर आएंगे।

**आराम के बाद आ रहे स्टार्क**

दिल्ली कैपिटल्स के खेमे में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी हैं, जो इस आईपीएल में ब्रेक के बाद आ रहे हैं। वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर थे।

# 8 खिलाड़ी जिनकी आईपीएल में हुई घर वापसी, एक बना कप्तान

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 का आगाज हो चुका है। फटाफट क्रिकेट का उद्घाटन मुकाबला केकेआर और आरसीबी के बीच खेला गया। आरसीबी ने जीत के साथ आगाज किया है। 18वें सीजन की शुरुआत से पहले मेगा ऑक्शन हुआ था और 10 फ्रेंचाइजियों की पूरी की पूरी टीम बदल गई। हर टीम में नए चेहरे शामिल हो गए हैं।

किसी ने अपनी टीम छोड़ नई टीम में जगह बनाई तो किसी–किसी ने अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी में सालों बाद वापसी की। इसमें दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने घर वापसी की है। ऐसे 8 खिलाड़ी हैं जिनकी पुरानी टीम में वापसी हुई है। इसमें अजिंक्य रहाणे और अश्विन का भी नाम शामिल है। आइए जानते हैं उन 8 खिलाड़ियों के बारे में।



1. आर अश्विन

आर अश्विन को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने खरीदा। वह पिछले सीजन राजस्थान रॉयल्स का हिस्सा थे। चेन्नई ने 2015 में रिलीज कर दिया था। इसके बाद वह पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स में शामिल हुए। अब चेन्नई ने अपने पुराने खिलाड़ी को घर बुला लिया है।

2. अजिंक्य रहाणे

चेन्नई सुपर किंग्स ने साल 2023 में अजिंक्य रहाणे को खरीदा था। रहाणे उस सीजन चैंपियन रहे और अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। वह 2024 तक चेन्नई के साथ रहे। इसके बाद मेगा ऑक्शन में एक बार फिर कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने पुराने बल्लेबाज को खरीद लिया और इस सीजन के लिए अपना कप्तान भी नियुक्त किया।

# स्त्री 2 रचने वाली है नया कीर्तिमान, 600 करोड़ का आंकड़ा पार कुछ ही करोड़ रह गई दूर



हर गुजरते हफ्ते के साथ, श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव स्टारर और अमर कौशिक द्वारा निर्देशित हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर एक नया बेंचमार्क सेट कर रही है, जिसे तोड़ना भविष्य की फिल्मों के लिए बेहद मुश्किल होगा. ये फिल्म पहले से ही हिंदी सिनेमा में शाहरुख खान की जवान को भी मात देकर सबसे बड़ी फिल्म चुकी है. वहीं अब ह्यस्त्री 2ह्व ने एक और कमाल कर दिखाया है. 2018 की हिट फिल्म स्त्री की सीक्वल ने बॉक्स ऑफिस पर अपना 5वां हफ्ता भी पूरा कर लिया है, और पिछले 7 दिनों में 24.65 करोड़ रुपये की कमाई की है, जिसमें वीकेंड में इसने लगभग 15.5 करोड़ रुपये आए कमाए थे. और इस नंबर के साथ, फिल्म ने एसएस राजामौली और प्रभास की बाहुबली 2– द कन्क्लूजन के पिछले 7 सालों के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है. दरअसल बाहुबली 2 ने पांचवें हफ्ते में देश की सभी भाषाओं में लगभग 24.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जबकि स्त्री 2 ने एक भाषा में 24.65 रुपये की कमाई की है.

## अद्वय की पैन इंडिया फिल्म सुब्रह्मण्यम का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट

कन्नड़ सुपरस्टार डॉ. शिव राजकुमार ने आगामी पैन इंडिया फिल्म सुब्रह्मण्य में मुख्य अभिनेता अद्वय का ध्यान आकर्षित करने वाला पहला लुक लॉन्च किया है। पी. रविशंकर द्वारा निर्देशित, सामाजिक–काल्पनिक साहसिक फिल्म का निर्माण थिरुमल रेड्डी और अनिल कडियाला ने एसजी मूवी क्रिएशन के बैनर तले किया है। विनायक चतुर्थी के अवसर पर अनावरण किए गए फिल्म के पहले पोस्टर में अद्वय को मुख्य भूमिका में दिखाया गया है, जो विशेष रूप से डिज़ाइन की गई पोशाक पहने हुए हैं और अपनी तीव्रता दिखा रहे हैं। 60न्न निर्माण पूरा हो जाने के बाद, मुंबई के रेड चिलीज़ स्टूडियो में पोस्ट–प्रोडक्शन का काम चल रहा है, मुंबई, हैदराबाद, बैंगलोर और चेन्नई के प्रमुख स्टूडियो में वीएफएक्स और सीजीआई का काम चल रहा है। फिल्म में बेहतरीन तकनीकी विशेषज्ञता है, जिसमें रवि बसरूर का संगीत, विग्नेश राज की सिनेमैटोग्राफी, विजय एम कुमार का संपादन और उल्लास हैदराबाद का प्रोडक्शन डिज़ाइन शामिल है।

# तूफान में उड़ा राजस्थान, हैदराबाद का विजयी आगाज

नई दिल्ली। ईशान किशन के शतक और ट्रेविस हेड की फिफ्टी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 के दूसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 44 रन से हराकर 18वें सीजन का जीत के साथ आगाज किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 286 रन बनाए थे। यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में ध्रुव जुरेल की कप्तानी वाली टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 242 रन ही बना सकी। राजस्थान के कप्तान जुरेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। ऐसे में हैदराबाद की सलामी जोड़ी मैदान पर उतरी। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने आते ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी शुरू की। दोनों ने मिलकर 19 गेंदों पर 45 रन जड़ दिए। चौथे ओवर की पहली गेंद पर महेश तीक्षणा ने अभिषेक का शिकार किया। शर्मा ने 5 चौकों की बदौलत 11 गेंदों पर 24 रन की पारी खेली।



**ईशान ने बनाए 106 रन**

इसके बाद हेड ने ईशान के किशन के साथ 85 रन की पार्टनरशिप की। शतक की ओर बढ़ रहे हेड 10वें ओवर में कैच आउट हुए। उन्होंने 31 गेंदों का सामना किया और 67 रन ठोक दिए। अपनी इस पारी में हेड ने 9 चौके और 3 छक्के भी लगाए। दूसरी छोर से ईशान प्रहार करना जारी रखा। वह 47 गेंदों पर 106 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ने 11 चौके और 6 सिक्स जड़े।

**तुषार ने चटकाए 3 विकेट**

हैदराबाद की ओर से नीतीश रेड्डी ने 15 गेंदों पर 30 रन, हेनरिक क्लासेन ने 14 गेंदों पर 34 रन, अनिकेत वर्मा ने 7 रन बनाए। अभिनव मनोहर और कप्तान पैट कमिंस का खाता नहीं खुला। तुषार देशपांडे ने 3, महेश तीक्षाना ने 2 और संदीप शर्मा ने 1 सफलता प्राप्त की।

## एक नजर

### वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज सतपुली के वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं की सांस्कृतिक गतिविधियों की धूम रही। रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की 25वीं रजत जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गई। समारोह में मेधावी छात्रों को तथा पूर्व प्रधानाचार्य एवं आचार्य को सम्मानित किया गया। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ गढ़वाल इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्रधानाचार्य मुख्य अतिथि डॉ अनिमेष मंडल व इसी इंस्टीट्यूट के पूर्व प्रधानाचार्य व जनसंपर्क अधिकारी डॉ मदन मोहन नौडियाल, समारोह अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह रावत ने संयुक्त रूप से किया। वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुत जीतू बगड़वाल आछरी नृत्य, जौनसारी लोकनृत्य, स्वच्छ भारत अभियान पर आधारित नाटक, जागर, डंबल योग, पिरामिड, सूर्य नमस्कार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता संकुल प्रभारी प्रधानाचार्य संजय मंमगाई ने विद्या भारती के इतिहास व विद्या भारती की प्रगति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्या भारती के द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सतपुली की छात्राओं व पुरातन छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं मेडल के द्वारा सम्मानित किया गया।

### वन विभाग ने 122 लोगों को बांटी धनराशि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कलागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैंसडौन क्षेत्र में जंगली जानवरों के हमले में मारे गए पालतू पशुओं के स्वामियों को वन विभाग ने चालीस लाख रुपये की धनराशि वितरित की। इस दौरान वन विभाग ने आमजन से जंगलों की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की।

लैंसडौन विधायक दलीप सिंह रावत व काबेट टाइगर रिजर्व रामनगर डा.साकेत बड़ोला, उप निदेशक उप वन संरक्षक कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग राहुल मिश्रा के निर्देश पर 122 मवेशी स्वामियों को धनराशि आवंटित की गई। कालागढ़ टाइगर रिजर्व प्रभाग लैंसडौन के मीडिया सेल ने बताया कि वर्ष–2024–25 में जितने भी पशु पालकों के पशुओं को जंगली जानवरों ने निवाला बनाया उन्हें धनराशि आवंटित की गई। साथ ही ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने जंगलों की रक्षा के लिए आगे आने का भी संकल्प लिया।

### संस्कारयुक्त शिक्षा दे रहे विद्या मंदिरः घिल्डियाल

चमोली। भारतीय संस्कृति में संस्कार युक्त शिक्षा देकर समाज को सुधारने में सरस्वती विद्या मंदिर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह बात संस्कृत शिक्षा के सहायक निदेशक आचार्य डॉ चंडी प्रसाद घिल्डियाल ने शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर गोपेश्वर में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रिय्रान्वयन पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ,शिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कही। कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में महसूस किया गया है कि समाज का सही निर्माण संस्कार युक्त शिक्षा से ही हो सकता है और इसके लिए सरस्वती विद्या मंदिर निरंतर प्रयास कर रहे हैं। गोपेश्वर में रामचंद्र भट्ट सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित अभिनन्दन समारोह में संस्कृत शिक्षा सहायक निदेशक डाक्टर घिल्डियाल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विध्यालय के प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक राजेंद्र प्रसाद पंत,विद्यालय के प्रबंधक जयंती प्रसाद जोशी, राकेश भट्ट, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राकेश मैथानी, हरिप्रसाद मंमगाई ,रजनी तिवारी, तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित मीना तिवारी, विद्या भारती प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य शांति प्रसाद भट्ट सहित बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### रेड क्रास ब्लॉक स्तर पर तैयार करेगा प्रशिक्षक

चमोली। रेड क्रास सोसायटी चमोली की ओर से प्रत्येक विकासखंड में प्रशिक्षक तैयार किए जाएंगे। साथ ही ग्रामीण स्तर पर स्वंय सेवक जोड़े जाएंगे। रेड क्रास सोसायटी चमोली की शनिवार को प्रबंधन कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें आपदा प्रभावित क्षेत्रों व आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आपदा न्यूनीकरण एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण के लिए हर विकासखंड में एक प्रशिक्षक तैयार किया जाएगा।

# विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा उत्तराखंड

## सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष व भाजपा नेताओं ने आमजन को भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। इस दौरान विभिन्न योजना के लाभार्थियों को चेक व अन्य उपकरण दिए गए।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को चेक देती विस अध्यक्ष

रविवार सुबह मालवीय उद्यान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेताओं व उपस्थित लोगों ने ऑनलाइन मुख्यमंत्री का वक्तव्य सुना। इसके उपरांत सभा को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास का इंजन दौड़ रहा है। सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक परिवार को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है। इसके लिए पूरी गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। कहा कि प्रदेश सरकार ने सशक्त भू–कानून लागू कर प्रदेश की जमीनों को बचाने का कार्य किया है। समान नागरिकता संहिता को भी सरकार ने लागू किया है। जिससे सभी लोगों को समानता का अधिकार मिलेगा। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। कहा कि कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए भी सरकार ने एक हजार करोड़ रुपये अवमुक्त किए हैं। जिससे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। महापौर शैलेंद्र सिंह ने कहा कि नगर निगम चुनाव में शहर की छोटी सरकार में भी भाजपा का ड्रिपल इंजर लग चुका है। इससे विकास कार्यों को गति मिलेगी। जल्द ही शहरवासियों को एक बेहतर कोटद्वार नजर आएगा। जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि सरकार के तीन वर्ष बेमिसाल रहे हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं पर सबसे अधिक कार्य हुआ है। पहाड़ से पलायन रोकने के लिए भी सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की ओर से बहुद्देशीय शिविर भी लगाए गए थे। जिसमें लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई।

साथ ही पांच महिलाओं को लक्ष्मी किट, पांच परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी व पांच परिवारों को बेटी के विवाह के लिए पचास–पचास हजार रुपये के चेक दिए गए। साथ ही दिव्यांग जनों को भी व्हीलचेयर व अन्य उपकरण दिए गए। इस मौके पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष प.राजेंद्र अणथ्वाल, प्रदेश प्रकोष्ट प्रभारी ऋषि कंडवाल, विकास मित्तल, पिंकी खंतवाल, आशीष रावत आदि मौजूद रहे।

## भाजपा के कार्यकाल को बताया निराशजनक, फूंका पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाला को निराशजनक बताते हुए कांग्रेस ने सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि पिछले आठ वर्षों से भाजपा जनता का शोषण कर रही है। प्रदेश में अपराध का ग्राफ भी लगातार बढ़ रहा है। विकास के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता झंडाचौक के समीप एकत्रित हुए। यहां उन्होंने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। नगर अध्यक्ष संजय मित्तल व युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का आठ वषी का कार्यकाल घोर निराशाजनक रहा है। भले ही प्रदेश सरकार अपने कार्यकाल का जश्न मना रही है, लेकिन धरातल पर कोई भी विकास कार्य नहीं हो पाया है। कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। महिलाओं के साथ दुष्कर्म व अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। रोजगार का वादा करने वाली सरकार बेरोजगारों को रोजगार नहीं दे पाई है। बेरोजगार आज भी नौकरी के लिए सड़कों पर आंदोलन कर रहे है। प्रदेश में कानून का राज पूरी तरह से समाप्त हो गया है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। चिकित्सालयों में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हो गई, चिकित्सालयों में न तो डाक्टर है, और न ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है, चिकित्सालय रेफर सेंटर बने हुए है। लिव इन रिलेशनशिप जैसे मुद्दों पर भाजपा नेता भडकऊ बयानबाजी कर समाज में अराजकता फैला रहे है। इस मौके पर धींरेंद्र बिष्ट, महावीर सिंह रावत, सुदर्शन सिंह रावत, बृजपाल सिंह नेगी, साबर सिंह, डा. चंद्रमोहन खर्कवाल, दान सिंह रावत, शूरवीर खेतवाल, भूपाल अधिकारी, राजीव कपूर, सुनील सेमवाल, नीरज बहुगुणा, हेमचंद्र पंवार, रजनीश उप्पल, नंदन सिंह मौजूद रहे।

## बिना रीडिंड के आ रहे बिल, ग्रामीण परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः सरकार जनता द्वार कार्यक्रम के तहत कोट ब्लॉक के राजस्व ग्राम कोटा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अफसरों को समस्याएं गिनवाई। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली व पानी आदि की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी डॉ. पारुल गोयल की अध्यक्षता में राजस्व ग्राम कोटा में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में पेयजल की समस्या के बारे में अवगत कराया गया। ग्रामीण सोबन कुमार ने बताया कि हर घर नल योजना के तहत लगे नलों में पानी नहीं आता। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बिना मीटर रीडिंग के बिल भेजे जा रहे हैं। ऊर्जा निगम का कोई भी व्यक्ति मीटर रीडिंग लेने गांव में नहीं आता है। आवारा पशुओं और जंगली जानवरों द्वारा उनकी खेती को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा तार बाढ़ करने की मांग की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों द्वारा गांव को जोड़ने वाली सड़क के जल्द डामरीकरण करने की मांग उठाई गई। बताया कि सड़क पक्कीन होने से ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा गांव में आशा कार्यकत्री की नियुक्ति व व्यास चट्टी में गांव के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा के लिए चिकित्सालय बनाए जाने की मांग रखी गई। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कोट डॉ. अमित मेहरा, बीईओ विनोद रावत, ग्राम प्रधान उर्मिला देवी, ग्राम विकास अधिकारी अंकित कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती हेमंती देशवाल आदि मौजूद रहे।

## बेमिसाल रहे सरकार के तीन साल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर रामलीला मैदान पौड़ी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि सरकार के तीन साल बेमिसाल रहे हैं। जन सेवा महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए विभागों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक वितरित भी किए। राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार लगातार जनता के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने उत्तराखंड सरकार के तीन वर्षों के अंतराल में हुए विकास कार्यों की उपलब्धियां भी गिनाई। इस अवसर पर जनता ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का वर्चुअल माध्यम से लाइव संदेश सुना।कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से राज्य विकास की गति पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

## क्रांस कंट्री दौड़ में मोहित, काजल, दीपक रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः प्रदेश सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर खेल विभाग की ओर से क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान ओपन बालक वर्ग में मोहित सैनी, बालिका वर्ग में काजल व अंडर–14 के बालक वर्ग में दीपक और बालिका वर्ग में सुहानी प्रथम स्थान पर रही।

रविवार सुबह बालिकाओं के लिए देवीमंदिर से मालवीय उद्यान व बालकों के लिए तडियाल चौक से मालवीय उद्यान तक क्रांस कंट्री दौड़ करवाई गई। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया इस दौरान बालकों के ओपन वर्ग में मोहित सैनी प्रथम, धीरज कोरंगा द्वितीय व पंकज कुमार तृतीय रहे। बालिका वर्ग में काजल प्रथम, अंकिता रावत द्वितीय व दीक्षा धस्माना तृतीय रहे। अंडर–14 के बालक वर्ग में दीपक प्रथम, सुशांत द्वितीय व आशीष तृतीय रहे। बालिका वर्ग में सुहानी प्रथम, पिंकी द्वितीय व साक्षी तृतीय रहे। क्रास कंट्री दौड़ में प्रतिभाग करने वाले विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, तहसीदार साक्षी उपाध्याय, स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी मौजूद रहे।


कोटद्वार में आयोजित क्रास कंट्री दौड़ को हरी झड़ी दिखाती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

## बेटियों को बेहतर शिक्षा से जोड़ने का संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः बेटी माटी संस्था ने बेटियों को बेहतर शिक्षा से जोड़ने का निर्णय लिया है। कहा कि जो बेटियां किसी मजबूरी के कारण शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकती उन्हें स्कूल तक पहुंचाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

रविवार को पंचायत भवन भीम सिंहपुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था की संयोजिका डा.मंजु कपरवाण ने कहा कि आज भी कई बेटियां किन्ही कारणों से स्कूल नहीं जा पा रही है। ऐसे में बेटियां भी बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकें इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। बेटियों का स्कूल में दाखिला करवाने के लिए टीम घर–घर जाएगी। साथ ही बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी अभियान चलाए जाएंगे। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी किए जाएंगे। कहा कि संस्था में भूतपूर्व छात्राओं से भी सहयोग लिया जायेगा जो अपनी पढ़ाई पूरी करके मेडिकल, इंजीनियरिंग, शिक्षा, पुलिस आदि विभागों में अपनी सेवा दे रही हैं। जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिल सके। इस अवसर पर सरोज देवी, सरगम,गुनगुन ,सिमरन, कीर्ति धस्माना, हिमानी, प्रीति, हिमानी भण्डारी, खुशी ,तनुजा राजपूत, प्रेरणा, मुस्कान, अंजलि, संतोषी रावत, साक्षी गुसाईं, सोनाली रावत, पिया डबराल आदि मौजूद रहे।



बेटियों को स्कूल भेजने के लिए अभियान चलाते संस्था के सदस्य

## ध्रुव व संजना रही विजेता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में शतरंज एवं पंजा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता का उद्घघाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ. छाया सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाती है। इस दौरान आयोजित हुई शतरंज प्रतियोगिता के बालक वर्ग में ध्रुव रावत व बालिका वर्ग में संजना विजेता रहे। जबकि पंजा लड़ाई के प्रथम चरण के मुकाबले गए। जिसमें बालिका वर्ग में 16 व बालक वर्ग खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में तीन बालकों व 9 बलिकाओं अगले चरा के क्वालीफाई किया इस दौरा शतरंज प्रतियोगिता के क्रीड़ा प्रभारी डॉ. विकाश प्रताप सिंह, पंजा लड़ाई प्रतियोगिता के डॉ. विक्रम रौतेला, डॉ. विवेक रावत, डॉ. अतुल सिंह, डॉ. हरिओम रावत, डॉ. प्रमिल्ला चौहान आदि मौजूद रहे।

## अतुल बमराडा बने साइबर अंबेसडर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। इस दिशा में जागरूकता फैलाने के लिए सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा संचालित इंफार्मेशन सिक्योरिटी एजुकेशन एंड अवेयरनेस प्रोजेक्ट के तहत डॉ. अतुल बमराडा को साइबर अंबेसडर नियुक्त किया गया है।

यह जिम्मेदारी सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग हैदराबाद द्वारा प्रदान की गई है। जो इस साइबर जागरूकता कार्यक्रम का राष्ट्रीय समन्वय केंद्र है। यह पहल डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करने और आम जनता को साइबर खतरों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वर्तमान में विकासखंड पाबौ के राजकीय प्राथमिक विद्यालय चौरखाल में सेवारत शिक्षक डॉ. अतुल ने बताया कि यह जिम्मेदारी उनके साइबर सुरक्षा क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों और जागरूकता अभियानों को ध्यान में रखते हुए दी गई है। उनके कई शोधपत्र एवं शोध कार्य साइबर सुरक्षा पर आधारित हैं। बीते 20 वर्ष से वह इस क्षेत्र में कार्यरत हैं। डॉ. बमराड़ा ने बताया कि साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जागरूकता बहुत जरूरी है। मुझे खुशी है कि मुझे इस राष्ट्रीय मिशन से जुड़ने का अवसर मिला है। मेरा लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत करना और उन्हें डिजिटल खतरों से बचने के उपाय बताना है।

## निबंध प्रतियोगिता में किरन रही अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः थलीसैंण के कोटी में शहीदी दिवस संगोष्ठी व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रियंका रावत ने कहा कि शहीदी दिवस पर उन वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हैं जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु जैसे वीर सेनानियों ने अपनी जवानी को देश की आजादी के लिए समर्पित कर दिया। हमे उनकी शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने देश के लिए कुछ करने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी नितिन चौहान ने कहा कि शहीदों की शहादत हमे यह याद दिलाता है कि हमारा देश स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं हमारे पूर्वजों के बलिदान से आजाद हुआ है ।

इस अवसर पर दिया और अनुष्का द्वारा अपने विचार भी रखे। शहीदी दिवस पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में किरन पंवार ने पहला, विजय सिंह ने दूसरा व सोनम चौहान ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मौके पर निर्णायक सहायक अध्यापक वीरेंद्र पंवार, महिला मंगल दल की अध्यक्ष जमुना देवी, दीपक पंवार, विनोद कंडारी, मंदोदरी देवी आदि शामिल रहे।

## बंडवाल के सम्मानित होने पर जताई खुशी

चमोली। रिंगाल कला शिल्पी और उद्यमी राजेन्द्र बंडवाल को प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा सम्मानित किये जाने पर चमोली में व्यापारियों सहित आम जनता ने खुशी जताई है। चमोली जिले के निवासी राजेन्द्र बंडवाल प्रदेश के तीन लघु उद्यमियों को सम्मानित किया गया। जिनमें राजेन्द्र बंडवाल, पीपलकोटी चमोली, को रिंगाल हस्तकला उद्योग, अमित कुमार लोहाघाट को लौह शिल्पकारी के लिए और अभिलेख टम्टा बागेश्वर को ताम्र शिल्पी के लिए हरिद्वार में सम्मानित किया गया। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक और सम्मान समारोह में राजेन्द्र बंडवाल सहित तीन उद्यमियों को सम्मानित किया गया।

## बेहतर आर्थिकी के लिए अपनाएं स्वरोजगार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया। कहा कि विद्यार्थि स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आर्थिकी को मजबूत बना सकते हैं।

महाविद्यालय में 12 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। पांचवे दिन की कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लाभ बताए गए। साथ ही प्रोफेसर डीएस नेगी, महाविद्यालय उद्यमिता केंद्र नोडल अधिकारी डा. एसके गुप्ता, रिसोर्स पर्सन प्रशांत कुकरेती, कार्यक्रम समन्वयक मनीष राणा, देवभूमि उद्यमिता टीम सदस्य डा. सुनीता नेगी, डा. प्रियंका अग्रवाल, डा. सरिता चौहान, डा. मीनाक्षी वर्मा ने विद्यार्थियों को बेहतर व्यापार शुरू करने के तरीकों के बारे में बताया। कहा कि युवा स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिकी को मजबूत बना सकता है। कार्यशाला में बिजनेस माडल कैनवास एवं वैल्यू प्रपोजिशन कैनवास के अंतर्गत उत्पाद एवं सेवाएं, साझेदारी, संसाधन, ग्राहक संबंध, वितरण चैनल, कस्टमर सेगमेंट, लागत संरचना व आमदनी के स्रोत के बारे में बताया गया। इस मौके पर तनीषा ठाकुर, आंचल सुंदरियाल, कार्तिक खंतवाल, ध्रुव कुकरेती, प्रिया डबराल, शिवांगी रावत, रोहन रावत, देवाशीष, मोहित सैनी, प्रियांशु नेगी, मोहम्मद मुदस्सिर, रोहित कुमार, अक्षित नेगी, मोहित सैनी, अर्पित सिंह आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देते विशेषज्ञ

## विश्व विद्यालय ने 13 विद्यार्थियों को दिया स्वर्ण पदक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः भगवंत ग्लोबल विश्व विद्यालय झंडीचौड के वार्षिकोत्सव समारोह में 13 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक दिया गया। कार्यक्रम में 221 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई।

विश्व विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एके त्रिपाठी, प्रबंधक नदेशक बैक्सिल डा.विभांशु, बीईएल कोटद्वार के महाप्रबंधक अंबरीष त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित किया।

वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि युवाओं को प्रतिदिन कुछ नया सीखने की ललक अपने भीतर पैदा करनी चाहिए। जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ने वालों को अवश्य सफलता मिलती है। इस दौरान प्रतिकुलपति प्रो.पीएस राणा ने विश्व विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बताया कि छठवें दीक्षांत समारोह में 221 विद्यार्थियों को डिप्लोमा व डिग्री प्रदान की गई। साथ ही 13 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया गया।


आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते सदस्य

## चमोली–ऊखीमठ–कुंड हाईवे का सुधारीकरण कार्य शुरू

चमोली। आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए लोक निर्माण विभाग (एनएच) ने चमोली–ऊखीमठ–कुंड हाईवे का सुधारीकरण कार्य शुरू कर दिया है। हाईवे पर जगह–जगह कॉजवे, मंडल में जड़ी–बूटी शोध संस्थान से आगे हाईवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत करने के साथ ही डामरीकरण कार्य भी शुरू हो गया है। केदारनाथ की तीर्थयात्रा करने के बाद अधिकांश श्रद्धालु इसी मार्ग से होते हुए बदरीनाथ धाम की यात्रा पर जाते हैं। विगत वर्षों में भूस्खलन और भूधंसाव के चलते हाईवे बेहद खराब स्थिति में पहुंच गया है। कांचुलाखर्क से चोपता तक मार्ग पर जगह–जगह गड्ढे और पुश्ते क्षतिग्रस्त पड़े हुए हैं।

## कांडा और सिंद्रवाणी गांवों के 200 परिवार पानी की बूंद को तरसे

चमोली। विकासखंड कर्णप्रयाग के ग्राम कांडा और सिंद्रवाणी गांवों में एक सप्ताह से पानी नहीं आने से लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने जल संस्थान और प्रशासनिक अधिकारियों को सूखे नलों और क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन की फोटो व वीडियो भेजकर जल्द दोनों गांवों में पानी की आपूर्ति बहाल करने की मांग उठाई है। जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में ग्राम पंचायत कांडा की प्रशासक पूनम देवी आदि ने कहा कि विगत कई दिनों से कांडा एवं सिंद्रवाणी में नलों पर पानी नहीं आ रहा है। गांव के करीब 200 परिवारों के सामने पेयजल समस्या बनी है। पशुओं को भी वे पानी नहीं पिला पा रहे हैं। कहा कि जल संस्थान कर्णप्रयाग को इस संबंध में पत्र एवं दूरभाष के माध्यम से अवगत करवाया गया, जिस पर विभाग द्वारा कोई उचित कार्रवाई नहीं की। पानी के स्रोत से पाइप लाइन भी हवा में झूल हैं। पाइपों को पॉलथीन, साईकल ट्यूब व कपड़ों से बांधकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है। जिससे पानी कई जगहों पर लीकेज हो रहा है। कहा हर घर जल की योजना का लाभ भी अभी तक ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है, जबकि विभाग द्वारा पानी का बिल भेजे जा रहे है। इस योजना के तहत पाइप लाइन को बिछे लगभग दो वर्ष बीत चुके हैं। लेकिन पाइपों पर पानी नहीं चल पाया। उन्होंने डीएम को ग्रामीणों की इस जायत समस्या का संज्ञान लेने और जल संस्थान को पेयजल आपूर्ति बहाल कराने के निर्देश दिए जाने की मांग उठाई है।

## एक नजर

### आशारोड़ी में वाहनों की फिटनेस बंद करने से खफा हैं संचालक

देहरादून। आशारोड़ी में कमर्शियल वाहनों की फिटनेस बंद करने का विरोध तेज हो गया है। महानगर सिटी बस सेवा सोसाइटी से जुड़े संचालकों ने 25 मार्च को परिवहन मुख्यालय का घेराव करने का निर्णय लिया है। संचालकों की मांग है कि जब तक शहर के पास ऑटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन नहीं खुल जाता है, तब तक कमर्शियल वाहनों की फिटनेस पूर्व की भांति मैनुअल आशारोड़ी में की जाए। सोसाइटी के अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल का कहना है कि परिवहन विभाग ने आशारोड़ी में वाहनों की फिटनेस बंद कर दी है। फिटनेस के लिए अब 30 से 40 किमी दूर डोईवाला या फिर डाकपत्थर लांघा रोड जाना पड़ रहा है। शहर में चलने वाले ज्यादातर वाहन ऐसे हैं, जिनके पास इन स्थानों तक जाने के परमिट नहीं है। ऐसे में यदि कभी कोई हादसा हो गया तो बीमा नहीं मिल पाएगा। कहा कि फिटनेस शिफ्ट करने से वाहन स्वामी परेशान है, उनके ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कहा कि जब शहर के पांच किमी की परिधि में फिटनेस सेंटर नहीं खुल जाता है तब तक वाहनों की फिटनेस मैनुअल आशारोड़ी में ही की जाए।

### नारी संघर्ष पर आधारित नाटक ने प्रभावित किया

चमोली। क्या है मेरी अस्मिता नाटक का मंचन गोपेश्वर में राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में किया गया। समाज में नारी के संघर्ष और सम्मान पर आधारित नाटक ने सभी को प्रभावित किया। संभव नाट्य संस्था से आई टीम ने नाटक का मंचन किया। शनिवार को गोपेश्वर में अक्षत नाट्य संस्था, बी द चेंज व गणमंग थियेटर समूह और अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वाधान में दो दिवसीय गोपेश्वर रंगमंच उत्सव की शुरुआत की गई। रंगमंच उत्सव की शुरुआत संभव नाट्य संस्था से जुड़े और प्रस्तुत नाटक के निर्देशक अभिषेक मैंदोला ने कहा कि थियेटर समाज में जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने गोपेश्वर की जनता को भी शुक्रिया अदा किया कि इस तरह के आयोजन में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर जिला परियोजना अधिकारी हिमांशु, शिक्षक प्रबोध डिमरी, सीमा नौटियाल, रेखा, जया, रितु, अंजलि समेत कॉलेज के विद्यार्थी शामिल रहे।

### भूमि मिलने पर गोशाला का होगा 65 लाख से विस्तार

नई टिहरी। नगर पालिका क्षेत्र में निराश्रित गोवंश के लिए पालिका की गोशाला विस्तारीकरण के लिए पुनर्वास विभाग ने अतिरिक्त भूमि आवंटित कर दी है। गोशाला के लिए शासन ने पूर्व में ही करीब 65 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। पुनर्वास विभाग से अतिरिक्त भूमि मिलने पर गोशाला का अब जल्द विस्तारीकरण हो सकेगा। नगर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने बताया कि डीएम दीक्षित ने पुनर्वास विभाग को 1000 वर्ग मीटर में से 600 वर्ग मीटर भूमि की एनओसी का पत्र 19 मार्च को जारी कर दिया है। कहा कि गोशाला के विस्तार से यहां पर बड़ी संख्या में गोवंश को संरक्षण दिया जा सकेगा। डीपीआर के अनुसार गोशाला हॉल, केयरटेकर रूम, शौचालय आदि बनाए जाएंगे। इस भूमि पर ऊर्जा निगम के ट्रांसफार्मर लगे हैं, जिनको हटाने के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### पुस्तकालय कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने श्रीदेव सुमन पुस्तकालय का निरीक्षण किया। डीएम के प्रयासों से बौराड़ी स्थित श्रीदेव सुमन राजकीय जिला पुस्तकालय के प्रथम तल को हाइटेक करने का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में पुस्तकालय के भूतल को नया स्वरूप दिये जाने का कार्य भी प्रगति पर चल रहा है। डीएम ने पुस्तकालय का स्थलीय निरीक्षण कर इन कार्यों का जायजा लिया। डीएम ने सम्बंधित विभागों को कार्यों में प्रगति लाते हुए जल्द यह कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने लाईब्रेरी के कर्मचारियों को पुस्तकालय के भूतल पर लगाई जाने वाली पुस्तकों की छंटनी करने को कहा, ताकि कार्यों के पूर्ण होने पर पुस्तकों को व्यवस्थित रूप से लगाया जा सके।

### शिकायतों का समय पर निस्तारण करें

नई टिहरी। एसएसपी जेआर जोशी ने थाना लंबगांव का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण करते हुए थानाध्यक्ष को सभी व्यवस्थायें दुरुस्त रखने की हिदायत देते हुए शिकायतों को समय पर निस्तारण को निर्देशित किया। थानाध्यक्ष धर्मेंदे सिंह रौतेला ने बताया कि एएसपी को स्थानीय थाना पुलिस की गारद ने सर्वप्रम सलामी दी।

# तीन साल के जश्न से निकली रोजगार की तीन गारंटी

देहरादून। तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर रविवार को मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्रों–युवाओं, उपनल और संविदा कर्मियों के लिए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों और स्नातक डिग्री प्राप्त युवाओं को राज्य सरकार आर्थिक सहायता देगी। एक समर्पित मंच के माध्यम से उनके रोजगारपरक कौशल को विकसित करने लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए, सरकार एक उच्चस्तरीय समिति का गठन करेगी। उपनल एवं संविदाकर्मियों को नियमित नियुक्ति के लिए शीघ्र ही एक ठोस नीति तैयार की जाएगी। इसके अलावा, दस करोड़ रूपये तक के सरकारी कार्य प्रदेश के स्थानीय ठेकेदारों को ही दिए जाएंगे।

सेवा, सुशासन और विकास के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने ये घोषणाएं कीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों की जोशपूर्ण उपस्थिति रही।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में सबसे पहले उत्तराखण्ड के अमर बलिदानियों और सरदार भगत सिंह जी, राजगुरु जी और सुखदेव जी को शहीद दिवस पर भावांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड ने विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त की है। विभिन्न चुनौतियों के बावजूद इन तीन वर्षों में हमारे प्रदेश ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं और नए–नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं, जिनकी गूंज आज पूरे देश में सुनाई दे रही है।



मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ लोग जो बोलने में सावधानी नहीं रखते उनके कारण प्रदेश में कभी–कभी क्षेत्रवाद या जातिवाद की बातें सुनाई देती हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड का कोई भी व्यक्ति यदि संकीर्ण क्षेत्रवाद या जातिवाद की बात करता है तो वो न केवल उन आंदोलनकारी के साथ अन्याय करता है, जिन्होंने इस प्रदेश के निर्माण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया बल्कि वो अपनी मातृ–भूमि के खिलाफ भी कार्य करता है।

तीन वर्ष की उपलब्धियों और प्रमुख निर्णयों को सिलसिलेवार सामने रखा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सरकार की तीन वर्ष की उपलब्धियों को सिलसिलेवार सामने रखा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले तीन वर्षों से जहां एक ओर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल और हवाई कनेक्टिविटी सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने की दिशा में कार्य किया है, वहीं प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित 30 से अधिक नई नीतियां बनाकर उत्तराखण्ड के सर्वांगीण विकास का एक विस्तृत रोडमैप तैयार कर कई नई योजनाएं लागू की हैं। इसका परिणाम है कि हर क्षेत्र में उत्तराखण्ड की प्रगति साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर प्रदान करना, प्रदेश की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, राज्य आंदोलनकारियों को दस फीसदी क्षैतिज आरक्षण, वृद्धावस्था पेंशन की सुविधा, सरकारी नौकरियों में खेल कोटे को पुनः प्रारंभ करना, विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करना, 207 प्रकार की पैथोलॉजिकल जांचों की निःशुल्क सुविधाओं का खास तौर पर जिक्र किया।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023–24 के सतत् विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के इंडेक्स में उत्तराखण्ड को मिले पहले स्थान के साथ ही ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में एचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स की श्रेणी का जिक्र करते हुए बेरोजगारी दर में रिकार्ड कमी की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड 4.4 प्रतिशत की कमी लाकर उत्तराखण्ड ने राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे सतत आर्थिक सुधारों का ही ये परिणाम है कि 2023–24 की तुलना में इस वर्ष राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 13.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

## दिव्यांग ऋतु ने कुलपति प्रो वरखेड़ी से शोध पर की चर्चा

नई टिहरी। देवप्रयाग के रामपुर–श्यामपुर गांव की दिव्यांग ऋतु ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वरखेड़ी से मुलाकात कर अपने शोध कार्य पर चर्चा की। ऋतु जन्मांध है। दिव्यांग ऋतु ने ऋतु ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय बाधितार्थ संस्थान से बारहवीं के बाद दिल्ली विवि से स्नातक, जेएनयू से संस्कृत में एमए व फिर दिल्ली विवि से पीएचडी की। केंद्रीय संस्कृत विवि के श्रीरघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में वह आती रही हैं।

ऋतु अपनी मां व पिता संत सिंह जियाल व अन्य परिजनों के साथ कुलपति प्रो वरखेड़ी से मिली। ऋतु इस दौरान काफी भावुक भी हो गयी। ऋतु ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं हो रहा है कि वह 12 परिसरों वाले विश्वविद्यालय के कुलपति से इतनी सहजता से मिलेंगी। ऋतु ने अपने शोध के विषय में कुलपति को बताया। उन्होंने कुलपति को भगवान बदरीनाथ का चित्र भी भेंट किया। वहीं कुलपति प्रो वरखेड़ी ने



ऋतु को शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित करते हुए कहा कि उनमें कोई कमी नहीं है। सफलता के वह बहुत निकट हैं। ऋतु ने अपनी प्रतिभा का सदुपयोग किया है। संस्कृत जगत की वर्तमान और भावी पीढ़ी के लिए वह प्रेरणा का कार्य करेंगी। पहाड़ में जन्म लेने वाली इस बेटी ने शारीरिक बाधा होने पर भी हार नहीं मानी। इनसे बड़ा विजेता कौन हो सकता है। कुलपति ने ऋतु को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वह अपने क्षेत्र व समाज का गौरव है व संस्कृत जगत की सच्ची सेविका भी। कुलपति प्रो वरखेड़ी ने ऋतु को विलक्षण बालिका बताते कहा की उसकी शास्त्र पर गहरी पकड़ है।

### अवैध मदरसों पर कार्रवाई का हरीश रावत ने किया विरोध

देहरादून। प्रदेश में अवैध मदरसों पर की जा रही धामी सरकार की कार्रवाई का पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि मदरसे अवैध तब होते, जब यह औपचारिकताएं पूरी करने के लिए आवेदन नहीं करते। पिछले आठ से 10 वर्षों से तमाम मदरसों की विधिवत अर्जियां लंबित हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से उन्हें अनुमति नहीं दी जा रही है। सोशल मीडिया में एक पोस्ट शेयर करते हुए पूर्व सीएम रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आजकल अवैध मदरसों की बात बहुत कहने लगे हैं। एक दिन अचानक भाजपा को लगता है कि आजकल कुछ उन्होंने मदरसा, मजार, लव जिहाद आदि नहीं कहा तो वह मदरसा–मदरसा, अवैध मदरसा कहने लग गए हैं। यह अवैध तो तब होते जब इन्होंने औपचारिकताएं पूरी करने के लिए आवेदन नहीं किया होता।

## श्री बालाजी महाराज की शोभायात्रा में होंगे पवित्र ज्योत के दर्शन

देहरादून। हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर आगामी 12 अप्रैल को होने वाली श्री बालाजी महाराज की भव्य शोभा यात्रा व 30 अप्रैल अक्षय तृतीया की पावन तिथि पर 21 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर संकल्प पूजा का आयोजन श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में किया गया। आचार्य भारत भूषण भट्ट ने पालकी यजमान व सेवादारों के साथ भोलेनाथ का अभिषेक कर समस्त कार्यक्रम सुख शांति से संपन्न होने की प्रार्थना की।

सेवा दल के संजय गर्ग ने बताया कि एक अप्रैल को शाम 8 बजे शिवाजी धर्मशाला से मेहंदीपुर राजस्थान से श्री बालाजी महाराज की पवित्र ज्योत देहरादून लाने के लिए बसों में प्रस्थान किया जाएगा, जो 3 अप्रैल को दून वापस पहुंचेगी। आदर्श मंदिर पटेल नगर में इस पवित्र ज्योत के दर्शन होंगे। आदर्श मंदिर पटेल नगर से पवित्र ज्योत श्री पृथ्वीनाथ महादेव जी मंदिर शोभायात्रा के जरिए लाया जाएगा। इससे पहले 27 मार्च को मंदिर सेवादार अयोध्या श्री राम मंदिर से पवित्र ज्योत दून लाएंगे। 5 अप्रैल को पवित्र ज्योत के सम्मुख श्री रामनवमी पर अखंड रामायण का पाठ होगा। 12 अप्रैल को श्री बालाजी महाराज की शोभायात्रा शिवाजी धर्मशाला से शहर के विभिन्न मागी पर निकाली जाएगी। शोभायात्रा में मथुरा, वृंदावन, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, फरीदाबाद से कलाकारों की टीम कला का प्रदर्शन करेगी। इस साल पहली बार भक्त जनों को हजार फूलों से सजा मयूर रथ डोला तथा नौका रथ देखने का मौका मिलेगा। 501 मातृशक्ति अपने विशेष परिधान में सजे हुए कलश लेकर चलेंगी।

# जनपद की तीनों विधानसभाओं में आयोजित किए गए जन सेवा शिविर

चमोली। चमोली में राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर सेवा, सुशासन और विकास के तीन वर्ष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान जनपद के बदरीनाथ, थराली और कर्णप्रयाग विधानसभाओं में जन सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान यहां जहां आम जनता को सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर राज्य व केंद्र सरकार की ओर संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। यहां स्वास्थ्य, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक विभाग की ओर से चिकित्सा शिविर आयोजित कर बीमार लोगों की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

बदरीनाथ विधानसभा में जन सेवा शिविर का आयोजन पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित किया गया। यहां कार्यक्रम का शुभारंभ वन मंत्री सुबोध उनियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में पर्यटन विकास के साथ ही स्वरोजगार तेजी से बढ़ा है। जिससे राज्य में पलायन पर प्रभावी रोक लग रही है। कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है, जिसके चलते प्रधानमंत्री उत्तराखण्ड के विकास को लेकर कार्य कर रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री के निर्देश और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में शीतकालीन पर्यटन विकास का कार्य शुरु किया गया है। जिससे अब उत्तराखण्ड में बारह माह पर्यटन से स्वरोजगार को बढावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवा, महिला और आर्थिक रूप से निर्बल वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। जिसके लिए लगातार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा संरक्षित क्षेत्रों में स्थित पर्यटक और तीर्थस्थलों को लेकर जल्द




योजना बनाकर इको डेवलपमेंट समितियों का गठन कर इको टूरिज्म की व्यवस्था बनाई जाएगी। जिससे युवाओं को इको टूरिज्म से जोड़क स्वरोजगार उपलब्ध करवाने का कार्य किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार ने तीन वर्ष के कार्यकाल में अपने वादों को पूर्ण किया है। कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति सरकार द्वारा वादों को पूर्ण किए जाने का प्रमाण है। राज्य में तीन वर्षों में 30 से अधिक जन उपयोगी नीतियों को लागू किया गया है। जिससे राज्य का सर्वांगीण विकास हो रहा है। प्रदेश वेडिंग डेस्टिनेशन, साहसिक खेलों और फिल्म निर्माण के हब के रुप में विकसित हो रहा है। सरकार की ओर से विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के बुनियादी ढांचे को नये आयाम देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने राज्य की जनता से किए वचनों को निभाते हुए महिला को 30 प्रतिशत आरक्षण, दम्पति को वृद्धावस्था पेंशन का प्रावधान करने के साथ ही युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का कार्य किया है। कहा कि सरकार जन कल्याण के लिये समर्पित है। राज्य के विकास को गति प्रदान की गई है। जिसका प्रतिफल है कि उत्तराखण्ड ने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के इंडेक्श में पहला स्थान प्राप्त किया है। वर्ष 2023–24 की तुलना में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हुई है। जिसके चलते राज्य की प्रति व्यक्ति आय में उत्तराखण्ड ने राष्ट्रीय औसत से बढ़ बनाई है। उत्तराखण्ड देश में यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए नकल विरोधी कानून बनाने के साथ ही पारदर्शी भर्ती परीक्षा प्रणाली की व्यवस्था की गई है। तीन वर्षों में 20 हजार युवक–युवतियों को सरकारी विभागों में रोजगार दिया गया। राज्य में उपनल से विभागों में कार्य कर रहे युवकों को नियमित करने के लिए ठोस योजना बनाए जाने को लेकर सरकार विचार कर रही है।

सेवा, सुशासन और विकास के तीन वर्ष कार्यक्रम के तहत आयोजित जन सेवा शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 252 लोगों की स्वास्थ्य तथा 120 लोगों की रक्त जांच कर दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान 19 लोगों का आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इस दौरान क्षय रोग के मरीजों का मौके पर ही एक्स रे कर जांच की गई।

## प्रतापनगर में तरंगिनी क्लब ने छात्रों को पोषण किटें दीं

नई टिहरी। टीएचडीसी ने तरंगिनी महिला ऑफिसर्स क्लब के सहयोग से प्रतापनगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के छात्रावास में पोषण किट का वितरण किया। पोषण किटों का वितरण करने का उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। कस्तूरबा गांधी छात्रावास में अध्यनरत बच्चों को पोषण आहार किट का वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ तरंगिनी महिला आफिसर्स क्लब की अध्यक्षा विजया जोशी ने किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि विजया जोशी ने कहा कि जिस प्रकार टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड समय–समय पर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करती है। उसी प्रकार तरंगिनी महिला आफिसर्स क्लब के सदस्यों द्वारा भी समय–समय पर जरुरतमन्द लोगों तथा विद्यालयों में पड़ने वाले निर्धन छात्र–छात्राओं को आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार की आवश्यक वस्तुओं में खाद्य सामग्रीयों का वितरण, कपड़े, ड्रेस व पुस्तकों आदि को भी उपलब्ध कराते हैं। बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को अपने पोषण एवं स्वास्थ्य पर ध्यान देते हुए पौष्टिक आहार एवं ताजा भोजन का सेवन करना चाहिए। नियमित रूप से पढ़ाई के साथ–साथ योग और ध्यान तथा खेलों पर भी फोकस करना चाहिए। विजया जोशी ने छात्रावास के रख–रखाव एवं स्वच्छता के लिए कस्तूरबा गांधी छात्रावास की वार्डन निशा कोठारी की सराहना की। भविष्य में तरंगिनी महिला आफिसर्स क्लब द्वारा सहायता करने का भी आश्वासन दिया। छात्रावास के बच्चों द्वारा तरंगिनी महिला आफिसर्स क्लब के पदाधिकारियों के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया।

### सौरभ मैठाणी और हेमा करासी के गानों पर थिरके लोग

रुद्रप्रयाग। प्रदेश सरकार के तीन साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में लोक गायक सौरभ मैठाणी और लोक गायिका हेमा नेगी करासी ने शानदार प्रस्तुतियां दी। उनके गीतों पर यहां पहुंचे लोग खूब थिरके।

लोक गायकों के साथ महिलाओं और बच्चों ने जमकर नृत्य किया। गुलबराय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जहां सूचना विभाग की सांस्कृतिक टीम गीत एवं नुक्कड़ नाटक से सरकार की योजनाओं एवं कामों की जानकारी दी वहीं लोक गायक सौरभ मैठानी ने तू रैंदी मां तू रैंदी, मैं पहाड़ों कु रैबासी के साथ ही कई गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जबकि बड़ी संख्या में यहां पहुंचे लोग थिरकने लगे।

## स्व. लोकेश बलूनी की स्मृति में हुई खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

श्रीनगर गढ़वाल। फूलदेई सामाजिक एवं सांस्कृतिक कला मंच के तत्वावधान में रविवार को स्व. लोकेश बलूनी की स्मृति में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। रामलीला मैदान में आयोजित खेल प्रतियोगिता में नन्हें–मुन्ने बच्चों ने अपना दमखम दिखाया।

इस मौके पर आयोजित कुर्सी दौड़ में रेनबो पब्लिक स्कूल के वैभव और द मार्शल स्कूल की खुशी ने प्रथम, द मार्शल पब्लिक स्कूल के श्रीयांश और शिशु मंदिर श्रीनगर की दिव्यांशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चम्मच दौड़ में कांवेंट स्कूल के आरव और मार्डन जूनियर स्कूल की मोनिका ने प्रथम, आनंदा इंटरनेशनल स्कूल के आदर्श और कांवेंट स्कूल की दृष्टि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मटका फोड़ प्रतियोगिता में कांवेन्ट स्कूल के रूद्रांश और द मार्शल स्कूल की अविका ने प्रथम, जलेबी दौड़ में मास्टर मांइड स्कूल के जय और मार्डन जूनियर हाई स्कूल की ताजगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बोरा दौड़ में रेनबो के देवांश और वैष्णवी ने प्रथम और भगवती मैमोरियल स्कूल की मोनिका और अभय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में स्व. लोकेश बलूनी के भाई सतीश बलूनी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कहा कि अगले वर्ष से इस प्रतियोगिता में और खेल जोड़े जायेंगे। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अश्विनी रावत, आयोजक समिति के अध्यक्ष अनूप बहुगुणा, प्रमोद बमराडा, वीरेंद्र रतूड़ी, मुकेश काला, मनीष कोटियाल, डा. विनित पोस्ती, महेश गिरी, पूनम रतूड़ी सहित आदि मौजूद थे।

## सरकार के तीन साल पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित

नई टिहरी। विकासखंड मुख्यालय थत्यूड़ के रामलीला मैदान में प्रदेश सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के 3 साल पूर्ण होने पर ब्लॉक प्रशासक सीता रावत की अध्यक्षता में सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों पर केंद्रित रहे। इस अवसर पर विकासखंड के रामलीला मैदान में विभिन्न विभागों की स्टाल लगाए गए। जिसमें ग्रामीणों के द्वारा स्टाल में लगी सामग्री के साथ ही जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेते हुए उनका लाभ लिया। इस अवसर पर स्टाल मे बाल विकास विभाग के द्वारा पहाड़ी व्यंजनों में मंडवे की रोटी और तिल की चटनी तैयार की गई। इस अवसर पर ग्रामीण जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी का लाइव भाषण सुना गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भोला सिंह परमार, एसडीएम मंजू राजपूत,



महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री गीता रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील थपलियाल, पृथ्वी रावत, सोनू कुमार त्यागी, तहसीलदार राजेंद्र प्रसाद मंमगाई, बीडीओ अर्जुन सिंह रावत, विनोद सेमवाल आदि मौजूद रहे।

## थत्यूड़–कैंपटी मोटर मार्ग नहीं बनने से लोग परेशान

नई टिहरी। क्षेत्र के दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला थत्यूड़–कैम्पटी मोटर मार्ग निर्माण के लगभग 9 साल बाद भी पूरा नहीं बन पाया है। जिस कारण आम लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस मोटर मार्ग को पूर्ण करने की मांग शासन–प्रशासन से की है। थत्यूड़–कैंपटी मोटर मार्ग के निर्माण के शेष बचे 13 किलोमीटर में से डेढ़ किलोमीटर की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण यह सड़क अधूरी पड़ी हुई है। वर्ष 2016 में निर्माण प्रारंभ हुआ। यह निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीणों में परेशानी झेलने के कारण आक्रोश है। इस मोटर मार्ग के किलोमीटर 12 से 17 तक सड़क मानकों के अनुरूप नहीं कट पाई, जिससे इस पर सफर करना जोखिम भरा बना हुआ है। इस सड़क से लगडासू, कांडाजाख, कफूल्टी, तूनेटा, लावणी धार, कोल्टी, मवाणा सहित दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोग जुड़ते हैं। जिन्हें ब्लॉक मुख्यालय थत्यूड पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि यह मार्ग बन जाए तो कैम्पटी क्षेत्र के कई गांवों को भी ब्लॉक मुख्यालय तक आने–जाने में सुविधा होगी। ग्रामीणों का मानना है कि यदि यह मार्ग पूरा हो जाता है तो मसूरी और कैम्पटी आने वाले पर्यटक थत्यूड़ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देवलसारी और नाग टिब्बा तक आसानी से पहुंच सकते हैं। इससे स्थानीय युवाओं को होमस्टे और स्वरोजगार के नए अवसर भी मिलते और क्षेत्र का आर्थिक विकास भी संभव होता।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338